**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 3120**

**गुरूवार, 27 मार्च, 2025/6 चैत्र, 1947 (शक)**

## एनसीएस योजना के अंतर्गत पंजीकरण की संख्या

**3120 # डा. कल्पना सैनी:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) योजना के अंतर्गत अब तक कितने रोजगार चाहने वाले व्यक्तियों और नियोक्ताओं ने पंजीकरण कराया है और तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले वित्त वर्ष में एनसीएस योजना के अंतर्गत कितनी नौकरियां प्रदान की गई हैं;

(ग) क्या सरकार ने एनसीएस योजना के अंतर्गत कोई विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (घ): भारत सरकार का श्रम और रोजगार मंत्रालय राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल चला रहा है, जो निजी और सरकारी क्षेत्रों की नौकरियों, ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों की जानकारी, नौकरी खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, कौशल/प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि सहित करियर से संबंधित सेवाएं एक डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से प्रदान करने के लिए वन-स्टॉप समाधान है।

एनसीएस पोर्टल के शुरू होने से लेकर दिनांक 28.02.2025 तक 5.42 करोड़ से अधिक रोजगार चाहने वाले और 41.76 लाख से अधिक नियोक्ता पंजीकृत हुए हैं। एनसीएस पोर्टल पर पंजीकृत रोजगार चाहने वालों और नियोक्ताओं का राज्य-वार ब्यौरा [https://www.ncs.gov.in/_layouts/15/ncsp/ViewStaticReport.aspx] पर देखा जा सकता है।

पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में एनसीएस योजना के तहत 88.95 लाख से अधिक अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है।

रोजगार चाहने वालों की रोजगार क्षमता, डिजिटल और करियर कौशल को बढ़ाने और युवाओं को आवश्यक रोजगार योग्य कौशल से सशक्त बनाने के लिए अन्य बातों के साथ-साथ एनसीएस पोर्टल, ऑनलाइन रोजगार क्षमता वृद्धि कार्यक्रम, डिजिटल कौशल वृद्धि कार्यक्रम और स्व-गतिशील करियर कौशल कार्यक्रम आयोजित कराता है।

*****